Published Date:	11 Nov 2017	Publication:	Live Uttrakhand
Edition:	Online		

दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा ने जीता टीसीएस आईटी विज का खिताब

नई दिल्ली, 11 नवंबर (आईएएनएस)| टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल क्विज -टीसीएस आईटी विज में शनिवार को दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा ने टीसीएस आईटी विज का खिताब जीता। क्विज मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी परिवेश, कारोबार, व्यक्ति, नए रुझान और दिग्गजों समेत विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग पर केंद्रित था। आईआईटी दिल्ली में आयोजित क्विज में 950 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। दिल्ली एडिशन में इस साल की क्विज में देहरादून, जयपुर, कानपुर, मेरठ, पानीपत, सहारनपुर और सोनीपत के स्कूली छात्रों की टीम ने भी हिस्सा लिया।

टीसीएस आईटी विज 8-12वीं तक के हाई स्कूल छात्रों के लिए खुली थी। प्रत्येक संस्थान अधिकतम 8 टीमें भेजने का पात्र था और हर टीम में दो सदस्यों को रखा गया था। प्रतियोगिता नि:शुल्क थी।

टीसीएस आईटी विज चार क्षेत्रों में रखा गया -ऑटोमेशन, कंटेक्सचुअल नॉलेज, मशीन लर्निंग एवं एजाइल। इस क्विज प्लेटफार्म पर टेक्नोलॉजी के उन रुझानों को शामिल किया गया जो दुनियाभर में काफी पसंद किए जा रहे हैं। क्विज में भाग लेने वाले छात्रों को आने वाले समय में टेक्नोलॉजी की इस समझ से लाभ मिलेगा।

रीजनल फाइनल्स में पांच दौर की क्विजिंग के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा के प्रणव धर और अंश अरोड़ा ने खिताब जीता। इस साल के रीजनल चैंपियनों को 60 हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर और उप-विजेता सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ के अतुल पटेल और ईशान श्रीवास्तव को 40 हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर और विषेश रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए।
https://liveuttarakhand.com/?p=65811